खबर संक्षेप

### युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण व कराई जाएगी परीक्षा की तैयारी

**शहडोल।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल द्वारा पार्थ योजना के अंतर्गत पुलिस, आर्मी, रिक्रूटमेंट ट्रेंनिंग और हुनर लिखित और शारीरिक प्रशिक्षण का आयोजन 10 अप्रैल से 30 मई 2025 तक संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रातः 5 से 8 तक शाम 5 से रात्रि 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में शारीरिक प्रशिक्षण जैसे 800 मीटर की दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक एवं लिखित परीक्षा जैसे सामान्य ज्ञान, तार्किक ज्ञान, बौद्धिक क्षमता, एवं मानसिक अभिरुचि और विज्ञान एवं सरल अंक गणित की तैयारी भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 500 शुल्क एवं लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए 500 रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार जिला खेल और युवा कल्याण विभाग कार्यालय शहडोल (महात्मा गांधी स्टेडियम) में कार्यालय समय में अपना आवेदन पत्र लेकर 10 अप्रैल से 30 मई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल और युवा कल्याण विभाग कार्यालय शहडोल में संपर्क कर सकते हैं।

तांगड़ी के आतंक से त्रस्त हैं नागरिक, एसडीएम से शिकायत की

# जमीन कब्जाने सरकारी भवन व मंदिर उजाड़ने पर आमादा

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय का सौखी मुहल्ला व नरसरहा डिपो क्षेत्र में इन दिनो भूमाफियाओं ने जमीन कब्जाने आतंक मचा रखा है। वे मंदिर की आराजी पर भी नजर गड़ाए हुए हैं और तोड़ फोड़ कर चुके हैं। जिससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है। माफिया के इस हरकत की शिकायत कलेक्टर से भी की जा चुकी है। हलका पटवारी सौखी इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं। लोगों का मानना है कि विवादों को बढ़ाने में पटवारी की अहम भूमिका है। सौखी बस्ती का खसरा नं 120 एवं 52 में इन दिनो जमकर विवाद चल रहा है। यहां न तो सरकारी जमीन का पता चल रहा है और न निजी भूमि पट्टे की आराजी का। लोग मनमानी तौर पर जमीने बेच रहे हैं और प्लाटिंग का प्रयास कर रहे हैं। सरकारी रिकार्ड में यहां की कोई जमीन नक्शा तरमीम नहीं है। भू स्वामियों द्वारा जमीन प्लाटिंग करके बेची गई है, इनके द्वारा प्लाटिंग करके जो जमीन बेची गई है वह बिना नियम-कानून के बेची गई है। वह कॉलोनी कलेक्टर द्वारा अवैध घोषित की गई है। इससे सरकार के राजस्व का जो नुकसान हुआ, वह वसूला जाये। वर्तमान में इनके द्वारा अपनी आराजी भू-माफिया मनोज तांगड़ी को एग्रीमेन्ट के तहत दी गई है। जिस पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

कितना रकबा बेचा, जांच की जाए

फरवरी माह में सत्ताधारी दल की पार्षद श्रीमती श्रद्धा नीलेश निगम वार्ड नंबर 28 ने अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत देते हुए बताया था कि यहां पर पटवारी हल्का सौखी-नरसरहा, डिपो रोड के पास खसरा नंबर 120 में लगभग 9 एकड़ शासकीय भूमि है। आराजी खसरा नंबर 120 में ही विजय बहादुर सिंह, अनिल सिंह एवं अजय सिंह की जमीन थी। उक्त व्यक्तियों के द्वारा लगभग 11



एकड़ जमीन बेची जा चुकी है। जिसमें रास्ते का रकबा खाते से काटा नहीं गया, न ही उनकी जमीन तरमीम है और न ही सरकारी जमीन तरमीम है। इसके अतिरिक्त खसरा नंबर 52 पटवारी हल्का सौखी में विजय बहादुर, अनिल एवं अजय सिंह की जमीन है। इनके खसरा नंबर 120 एवं 52 की समस्त बेची गई जमीन की जांच कराई जाये एवं इनके द्वारा खसरा नंबर 120 एवं 52 से प्लाटिंग कर रास्ता दिया गया है। उक्त रास्ते की आराजी को अगर अपने रकवे से हटाया गया है तो वह रकवा कितना था, उसकी भी जांच कराई जाए।



### जमीन कब्जाने मचा रहे आतंक

शिकायत में कहा गया कि इनके द्वारा प्लाटिंग करके जो जमीन बेची गई है वह बिना नियम-कानून के बेची गई है, वह कॉलोनी कलेक्टर द्वारा अवैध घोषित की गई है और इससे सरकार के राजस्व का नुकसान भी हुआ है। उसे भी वसूला जाये। वर्तमान में इनके द्वारा अपनी आराजी भू-माफिया मनोज तांगड़ी को एग्रीमेन्ट के तहत दी गई है, जिससे वह सरकारी जमीन पर बने हुए सरकारी सामुदायिक भवन, आम रास्ता एवं सरकारी जमीन पर बने शिव मंदिर व भविष्य में बच्चों के पार्क के रूप में सरकारी जमीन विकसित की जा सकती है, उस जमीन पर भी अनुसूचित जाति की महिला व पुरूष को आगे रखकर कब्जा करवा रहा है। जिससे आम लोग डरते हैं व रोके जाने पर अनुसूचित जाति की महिला/पुरूष से फर्जी मुकदमे भी लगवाता है। अतः उस पर कानूनी कार्यवाही की जाय। भू-



माफिया मनोज तांगड़ी द्वारा किए जा रहे शासकीय भूमि के अवैध कब्जे को रोका जाये एवं सरकारी जमीन को संरक्षित किया जाये, लेकिन इस पर आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### वार्डवासी पहुंचे कोतवाली

31 मार्च को वार्डवासियों ने कोतवाली प्रभारी को शिकायत देते हुए बताया कि खसरा नंबर 120 ग्राम सौखी हलका बलपुरवा, नसरहा डिपो वार्ड नंबर 21/28 पुराना शिव मंदिर स्थित है। जिसमें शासकीय भूमि 120 खसरा में 3.6490 हेक्टेयर शासकीय भूमि स्थित है, जो कि मंदिर परिसर की भूमि है। जिसमें लगभग 100 वर्षो से ग्राम/वार्डवासी मंदिर परिसर में पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। जिसमें ग्राम/वार्डवासी के द्वारा मंदिर परिसर में सीमेंट के पोल से बाऊण्ड्री का काम चल रहा था। 29 मार्च को मंदिर परिसर के पास मनोज तांगड़ी, सागर यादव, बंटी नियाजी, राकेश बारी, कृष्णा यादव तथा उनके 4 से 5 सहयोगी आये और गाली-गलौज करते हुए धमकियां दे रहे थे कि काम बंद कर दो और जान से मारने की धमकी दी गई। 30 मार्च जब सीमेंट के पोल गड़ जाने के बाद रात के समय इन्हीं व्यक्तियों द्वारा खम्भों को तोड़ दिया गया, जिसमें मंदिर परिसर को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे मंदिर का काफी नुकसान हुआ। वार्डवासियों ने कार्यवाही की मांग की है।

### भू माफिया को मिली छूट

बताया गया कि मनोज तांगड़ी एक ऐसा नाम है जो अपने साथियों और गुर्गों के दम पर जिले भर की जमीनों पर जबरिया कब्जा कर उन्हे मनमानी दामो पर बेचने, प्लाटिंग कराने आदि के लिए बहुचर्चित है। इसके अलावा यह हथकण्डा भी अपनाया जाता है कि जरूरतमंदों की जमीन कौडिय़ों के मोल खरीद कर उसे नियमविरुद्ध बेचा जाता है। ऐसा नहीं है कि इसके खिलाफ शिकायतें नहीं होतीं लेकिन शासकीय अधिकारी इस कार्रवाई करने की बजाय इसे प्रश्रय देते हैं। उनका संरक्षण पाकर यह अपनी मनमानी कर चारो ओर जमीने हथिया कर उत्पात मचा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि इसकी शिकायत सत्ताधारी दल के नेता व पार्षद करते हैं फिर भी कोई सुनवाई नहीं होती। मनोज तांगड़ी अफसरों का कितना चहेता है यह इसी से उजागर हो जाता है। मनोज तांगड़ी के खिलाफ एक व्यापक प्रदर्शन किए जाने की तैयारी भी की जा रही है। प्रशासन के अधिकारी यदि सौखी मोहल्ला, कल्याण पुर, विचारपुर और सिंदुरी की जमीनों का राजस्व रिकार्ड देखें तो उन्हे ज्ञात होगा कि मनोज तांगड़ी ने कहां कितनी जमीन खुर्द-बुर्द की है।

## कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के निर्देश पर प्रदेश सचिव अजय अवस्थी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक में पूर्व आरटीओ कांस्टेबल और करोड़पति बिल्डर सौरभ शर्मा सहित अन्य आरोपियों को लोकायुक्त कोर्ट से मंगलवार को मिली जमानत के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।प्रदेश सचिव अजय अवस्थी ने कहा कि लोकायुक्त कोर्ट में लोकायुक्त 60 दिन में सौरभ व उसके साथियों के खिलाफ चालान पेश नहीं कर पाई, जिसके कारण उन्हें जमानत दी गई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की नई परतें खुलती जा रही हैं और सत्ता के संरक्षण में बड़े आर्थिक अपराधियों को बचाने का खेल जारी है। यह मामला केवल एक घोटाले का नहीं, बल्कि पूरे सरकारी तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रदेश में भ्रष्टाचार अब इतनी गहराई तक समा चुका है कि वह प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों ही स्तरों पर दिखाई देने लगा है। यह संकट केवल आर्थिक अपराधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की न्याय व्यवस्था और कानून



के शासन पर भी एक गंभीर हमला है।अजय अवस्थी ने कहा कि, जिस मामले में 52 किलो सोना, करोड़ों की नगदी और रियल एस्टेट में किए गए भारी निवेश का खुलासा हुआ था, उस पर उचित समय में लोकायुक्त द्वारा चालान पेश न किया जाना भाजपा सरकार की मंशा को उजागर करता है। यह सीधा संकेत है कि भ्रष्टाचार के तार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक संगठित नेटवर्क के रूप में सत्ता के शीर्ष तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ती रही है और आगे भी लड़ेगी। कांग्रेस का लक्ष्य प्रदेश में पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करने वाली सरकार स्थापित करना है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्रवाई हो और लोकायुक्त जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग बंद हो। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय अवस्थी,नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला,पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पार्षद पूर्णेन्द्र मिश्रा,राजेश सोंधिया, नरेंद्र मरावी,पुष्पराज सिंह, हरिशंकर तिवारी,हर्ष गौतम, शुभम, साहिल, गौरव, दीपांशु, कान्हा, आशु, कृष्णा, शिवार्थ, कृतार्थ ,ओम आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## शिक्षक, विद्यार्थियों की रूचि को समझें एवं रूचि अनुसार दें शिक्षाः जायसवाल

**शहडोल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के निर्माता होते हैं। विद्यार्थी पढ़ लिखकर आगे बढकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। उन्होनें कहा कि छात्र-



छात्राओं को अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थी लक्ष्य बनाएं एवं लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर,प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर एवं जिस दिशा में भी आगे बढना चाहते हैं, उसी दिशा में आगे बढ़ें एवं आगे बढ़ कर अपने गांव, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होनें कहा कि विद्यार्थी समय की महत्ता को जानें तथा अपने एक-एक मिनट का सद्उपयोग कर अपने जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहें।राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने महाविद्यालय के शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों की रूचि को समझें तथा उनकी रूचि अनुसार उन्हें अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा देकर आगे बढने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नये कार्य कर रही है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस महाविद्यालय को एक्सीलेन्स कॉलेज का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस महाविद्यालय में एक्सीलेंस महाविद्यालय की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती भी दी गई। इस दौरान राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कालेज परिसर में बनी स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा में माल्यापर्ण किया। कार्यक्रम में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, धनपुरी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा, बुढार नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, बकहो नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गंगा मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिध एवं काफी संख्या मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विधी पांडेय ने CBSC बोर्ड परीक्षा कक्षा 6 वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय वा माता पिता का नाम किया रोशन

**जयसिंहनगर।** ज्ञात हो नवोदय विद्यालय मऊ ब्यौहारी कक्षा 6 वीं की छात्रा जो पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनारायण पांडेय माता श्रीमती विद्या पांडेय जयसिंहनगर की होनहार बेटी है ।विधी पांडेय ने अपने नवोदय विद्यालय मऊ में 600 अंको में से 570 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत हासिल कर अपने कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बेटी ने समूचे नगर सहित अपने विद्यालय के शिक्षक एवं माता_पिता का गौरव वा सम्मान बढ़ाया है। जो प्रशंसनीय व सराहनीय कार्य किया है । विधी पांडेय ने अपने मेहनत व लगन से वर्ष 2024_25 के **CBSC** बोर्ड परीक्षा में आयोजित 6 वीं की वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की है। विधी पांडेय ने वर्ष 2023_24 नवोदय चयन परीक्षा परिणाम मे भी सामान्य कोटे से विकास खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विधी के इस कामयाबी को



हासिल करने पर नवोदय विद्यालय मऊ के प्राचार्य एवम समस्त शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विधि पांडेय को प्रमाण पत्र कर सम्मानित किया है। विधि पांडेय के इस कामयाबी को हासिल करने व प्रशंसनीय कार्य पर नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मती मालती सिंह,बड़े पिता जी अमित पांडेय, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सातिका प्रसाद तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण गौतम , पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष नगर परिषद जयसिंहनगर संपत मिश्रा, पूर्व महामंत्री दीपक पयासी, रावेंद्र शर्मा छोटू, पार्षद नीरज शर्मा,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर देवा पयासी, मनोज द्विवेदी एवम अन्य लोगों ने भी विधि पांडेय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित किया है।






कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

# रंजिशवश बेवा को किया मृत घोषित, राशि व राशन से वंचित

**शहडोल।** निरीह व निर्धनों को सहारा देने के लिए शासन द्वारा विविध योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाएं ग्रामपंचायत के माध्यम से संचालित हो रहीं हैं। लेकिन पंचायतों में बैठे कर्मचारी शासकीय प्रावधानों का पालन करने की बजाय व्यक्तिगत रंजिश निकालने व रिश्वत लेने के लिए हितग्राहियों को उनके हक से वंचित कर उन्हे परेशान करने से बाज नहीं आते हैं। आए दिन पंचायतों से दर्जनों शिकायतें इसी तरह की सुनने को मिलती हैं। जनपद बुढ़ार के खाम्हीडोल पंचायत में भी ऐसी शिकायतें सिर उठाती प्रतीत हो रहीं हैं। जिसमें सचिव व रोजगार सहायक मनमानी कर ग्रामीणों को सता रहे हैं। एक बेवा महिला उमा कुशवाहा को तो मृत ही घोषित कर दिया गया और समग्र आईडी से उसका नाम विलोपित कर दिया गया। जिससे वह बेवा शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो गई है। हालात यह है कि उसे न राशि मिल रही है न राशन, वह भूखों मरने की कगार पर पहुंच गई है।

जीवित को मृत घोषित कर दिया

ग्रामपंचायतों के कर्मचारियों की कार्यशैली की जांच पड़ताल नहीं किए जाने और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण सचिव व रोजगार सहायक पंचायतों में स्वेच्छाचारितापूर्वक काम करते हैं, वे अपना राज चलाते हैं। जिससे ग्रामीण काफी त्रस्त रहते हैं। ग्राम पंचायत खाम्हीडोल के सचिव एवं रोजगार सहायक शिवराम सिंह कंवर के द्वारा रंजिशन उमा कुशवाहा पति स्व. प्रदीप कुशवाहा को मृत घोषित कर समग्र आईडी से नाम विलोपित कर दिया गया। जिससे वह लाडली



बहना की राशि से वंचित हो गई। जिसके बाद महिला ने कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक को शिकायत देते हुए तत्काल कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पीड़ित उमा कुशवाहा, ग्राम खाम्हीडोल ने शिकायत में उल्लेख किया कि मैं एक विधवा महिला हूॅ ग्राम पंचायत खाम्हीडोल के सचिव व रोजगार सहायक के द्वारा मुझ फरियादिया को रंजिशवश मनमानी तरीके से परेशान करने की नीयत से परिवार समग्र आई.डी. से मृत घोषित कर नाम विलोपित कर दिया है।

### शासन की सुविधाएं हुई बंद

उमा कुशवाहा का नाम लाड़ली बहना जैसी शासकीय स्कीम से जुड़ा था। समग्र आई.डी. में मृत घोषित कर मुझ गरीब का नाम 04 अक्टूबर 2024 को विलोपित कर दिया गया। जिससे मुझे लाडली बहना योजना से मिलने वाली राशि पूर्णतः बंद हो गई है साथ ही राशन मिलना भी बंद हो गया है। ऐसी स्थिति में न मेरे पास पैंसो का स्त्रोत है और न ही भरण पोषण के लिये राशन है। जिस कारण से मुझे भूखो मरने की स्थिति बनी हुई है। ग्राम पंचायत खाम्हीडोल का रोजगार सहायक शिवराम सिंह कंवर जो कम्प्यूटर के जानकार व्यक्ति है एवं ग्राम पंचायत में कम्प्यूटर का सभी कार्य करता है , रंजिशन जानबूझकर मुझ गरीब का नाम समग्र आईडी में मृत घोषित कर समग्र आई.डी. से नाम विलोपित कर दिया। जिससे शासन के द्वारा मिलने वाली राशि विगत 03 माह से प्राप्त नहीं हुई है। मेरे द्वारा जैतपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### न्याय की याचना कर रही

ग्राम पंचायत खाम्हीडोल का रोजगार सहायक शिवराम सिंह कंवर को पुनः समग्र आई.डी. में नाम जोडऩे के लिये मेरे द्वारा कई बार ग्राम पंचायत जा कर कहा गया। लेकिन मेरी नहीं सुनी गई, उनके द्वारा कहा जाता है कि नाम ऊपर से जुड़ता है, रोजगार सहायक के द्वारा कहा जाता है कि इस विषय में मुझे कोई जानकारी नही है। जबकि रोजगार सहायक शिवराम सिंह कंवर के द्वारा ही ग्राम पंचायत का कम्प्यूटर संबंधित पूरा काम किया जाता है। फरियादिया ने कलेक्टर को शिकायत देते हुए मांग की है कि मेरा नाम पुनः समग्र आई.डी. मे नही जोड़ा गया तो शासन से मिलने वाली सभी सुविधाओं से मै वंचित रह जाऊगीं, मेरे पति के देहान्त के बाद से मैं आर्थिक रूप से बहुत ज्यादा परेशान हूं। थोड़ी बहुत लाडली बहना से जो राशि मिल जाती रही, वह भी रोजगार सहायक के रंजिशवश बंद हो गई। साथ ही खाद्यान्न भी बंद हो गया है। जिससे घर में खाने के लाले पड़ रहे हैं। फरियादिया ने पूरे मामले में जांच कर न्याय की मांग की है।


## साहब...बगैर मुरूम खदान, पंचायत में हो रही सप्लाई

# चोरी की सामग्री का भुगतान कर रहे शासकीय उपक्रम

ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार किसी से छुपे नहीं है, निर्माण कार्य के नाम पर वेण्डरों के साथ मिलकर विकास के पंख पंचायत के जिम्मेदार कुतर रहे हैं, बगैर खदान मुरूम की सप्लाई पंचायत में यह दर्शाती है कि ऑन रिकार्ड पंचायतों में चोरी का खनिज खपाया जा रहा है और शासन के खजाने को दोहरी चोट पहुंचाई जा रही है।

उमरिया

जिले की जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत बांका भ्रष्टाचार के दलदल में आकण्ठ डूबा हुआ है, लेकिन उस पर अंकुश लगाने की बजाय जनपद स्तर के अधिकारी उदासीनता बरत रहे हैं। पंचायत में सरपंच व सचिव का राज चल रहा है। लाखों का बजट हर साल आवंटित हो रहा है, इसके बाद भी पंचायत का विकास नहीं हो पा रहा है। निर्माण कार्य, खरीदी के मामले, बिलों के भुगतान आदि में धांधली की जा रही है, लेकिन कभी भी मामलों की जांच पड़ताल नहीं की जाती है। सीईओ जनपद कभी भी मॉनीटरिंग नहीं करते, न ही बिलों के भुगतान में आपत्ति लगाते हैं। निर्माण कार्यों में मुरुम की धड़ल्ले से सप्लाई हो रही है, जो कि चोरी की है, उसमें भी कोई पूछताछ नहीं की जाती है।




### ...तो मुरूम बनाने का फार्मूला है

ग्राम पंचायत बांका में जय प्रकाश यादव नामक फर्म द्वारा मुरूम की सप्लाई दी है, उक्त फर्म संचालक द्वारा खदान न होते हुए भी 500 रूपये के हिसाब से 54000 रूपये की मुरूम की सप्लाई बांका पंचायत में दी है, जिले मे मुरूम खदान मौजूद नहीं है, इसके बावजूद फर्म संचालक धड़ल्ले से मुरूम की सप्लाई दे रहे हैं, इससे यह तो साफ होता है कि या तो मुरूम बनाने का फार्मूला उक्त सप्लायर के पास है या फिर जय प्रकाश यादव द्वारा चोरी की मुरूम सप्लाई की जा रही है, हालाकि अगर मुरूम बनाने का फार्मूला जय प्रकाश यादव ने इजाद कर लिया है तो, उसे सार्वजनिक करना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी बगैर खदान मुरूम की सप्लाई दे सके।

### जय प्रकाश यादव ने किया खेल

पंचायत के अंदर सचिव के चहेते बिना शासकीय प्रकिया पूरी किए वेण्डर बने बैठे हैं। मुरुम व अन्य मटेरियल सप्लाई करने वाली जय प्रकाश यादव द्वारा बीते वर्षो में पंचायतों में निर्माण सामग्री की सप्लाई जमकर की है, इस दौरान रेत, गिट्टी, मुरूम सहित अन्य खनिज की भी सप्लाई की गई है, खनिज विभाग अगर जनपद से जय प्रकाश यादव द्वारा लगाये गये बिलों की जांच करवाये तो, भ्रष्टाचार सहित चोरी का खुलासा हो सकता है, खनिज विभाग अगर पंचायत या वेण्डर से रॉयल्टी की मांग कर ले तो, पूरे मामले से पर्दा उठ सकता है, आश्चर्य की बात तो यह है कि जब जिले मे मुरूम खदान नहीं है तो, आखिर जय प्रकाश यादव यह मुरूम आखिर कहां से ला कर सप्लाई दे रहे हैं।

### सो रहा खनिज विभाग

जिले में शायद खनिज विभाग का कार्यालय भी संचालित हो रहा है, लेकिन लगातार शासकीय उपक्रमों में चोरी के खनिज सप्लाई के चलते ऐसा लगने लगा है कि यह विभाग शायद ही जिला मुख्यालय में है, जिला मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायतों में गौण खनिज का उपयोग बीते वर्षो में धड़ल्ले से हुआ है, संभवतः कुछ रॉयल्टी और कुछ चोरी का खनिज भी सप्लाई हुआ है, लेकिन विभाग कभी भी स्वतः संज्ञान लेने को तैयार नहीं रहता, उसे किसी की शिकायत का इंतजार रहता है, शिकायत करने वाला अपने ही गांव वालों से विवाद मोल ले और विभाग के जिम्मेदार इसके बावजूद कार्यवाही करेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है, कुल मिलाकर खनिज विभाग गहरी नींद में सो रहा है और पंचायत चोरी का माल खप रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नौगवां में श्रमदान कार्यक्रम संपन्न



मानपुर

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत के ग्राम नौगवा में तालाब विस्तारीकरण के लिए श्रमदान किया गया। इस दोरान धरतीन तालाब के जीर्णोध्दार का कार्य किया गया। सीईओ जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी , सरपंच, उपसरपंच पंच नौगवा, सरपंच पटहरा, एवं अधिकांश ग्रामीण जन, महिलाओं ने श्रमदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया।
सीईओ जनपद पंचायत मानपुर ने कहा कि प्रदेश शासन के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले सहित गांव गांव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है तथा जल की एक एक बूंद को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। ग्रीष्म काल में पानी की समस्यां नही उभरे , इसके लिए सभी को आगें आना होगा । इसके लिए आवष्यक है कि पानी को व्यर्थ नही बहाएं। पानी के महत्व को समझे। तालाब विस्तारीकरण होने के बाद पानी का उपयोग मूक जानवर सहित ग्रामीण जन कर सकेंगे।

### गांव का बढ़ायें जल स्तर, सुखी हो सब ग्रामीणजनः विधायक

# जल संवर्धन करके अपने गांव को बनायें पानीदारः कलेक्टर

उमरिया।

गांव का बढ़ाये जल स्तर , सुखी हो सब ग्रामीण जन। लगातार जल स्तर के गिरने के कारण ग्रीष्मकाल में हम सबको पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ता है । जल को बनाया तो नही जा सकता है , लेकिन बचाया अवश्य जा सकता है । जल संग्रहण के लिए जहां हमें एक ओर पुरानी जल संरचनाओं का संरक्षण करना होगा वहीं वर्षा के जल को संग्राहित करने के लिए नई जल संरचनाओं का निर्माण करना होगा । देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आव्हान पर पूरे प्रदेश में गांव गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से यह कार्य जन सहभागिता से किया जा रहा है। आइये हम सब मिलकर इस कार्य को आगें बढाये। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पठारी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राजाराम पांडेय तालाब के जीर्णोध्दार हेतु आयोजित श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे ।





कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जल संवर्धन करके अपने गांव को बनाये पानीदार । पानीदार से आशय गांव में पर्याप्त जल की उपलब्ध्ता से है । जिससे किसानों को भरपूर सिंचाई हेतु पानी मिल सके । पेयजल , पशु पक्षियों तथा पेड पौधों को भी पानी उपलब्ध कराया जा सके । उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के संकट को लेकर होगा। हम सबकों मिलकर पानी की त्रासदी से बचने के लिए समन्वित, सामाजिक एवं जन सहभागिता से कार्य करने की जरूरत है ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि हम सबने ठाना है- जल संरचनाओं को बचाना है। प्रदेश सरकार द्वारा 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पुरानी जल संरचनाओं , तालाबों, बावडी, नदियों, नालों का जीर्णोद्धार करना, उनकी साफ-सफाई करना, उनकी मेढ़ो के आस-पास वृक्षारोपण करना है। साथ ही जन जागरूकता लाकर जन सहभागिता से श्रमदान के कार्यक्रम जो लोग सक्षम है , इन कार्यो में दान भी कर सकते है । सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम ने कहा कि यह तालाब ग्राम पंचायत व्दारा बनाया गया था । जीर्णोध्दार करके गांव के स्व सहायता समूह की महिलाओं को मछली पालन तथा सिंघाडा उत्पादन से जोडने का कार्य किया जायेगा । इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी , सहायक यंत्री ऋषभ शुक्ला, उपयंत्री राजेश त्रिपाठी , जनपद सदस्या श्री कोल , उपसरपंच श्रीमती शांति कोल , पंच निहारिका पांडेय , मुकेश सिंह , पंचायत सचिव , पटवारी सहित बडी संख्याओ में ग्रामीण जनों ने श्रमदान में भाग लिया ।



## कलेक्टर ने जल संरक्षण की दिलाई शपथ

उमरिया

करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पठारी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राजाराम पांडेय तालाब के जीर्णोध्दार हेतु आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल संरक्षण की उपस्थित जनों कों शपथ दिलाई । उन्होने शपथ दिलाई कि मैं पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूँ , लेती हूँ कि मैं जल का समुचित उपयोग करूँगा , करूँगी तथा पानी हर एक बूंद का संचयन करूँगा , करूँगी और जल शक्ति अभियान कैच द रेन को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग दूंगा,दूंगी। मैं पानी को एक अनमोल संपदा मानूँगा , मानूँगी और ऐसा मानते हुए ही इसका उपयोग करूँगा ,करूँगी। मैं शपथ लेता हूँ , लेती हूँ कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी इसके विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करूँगा , करूँगी। यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। हम सब मिलकर जल आंदोलन को जन आंदोलन बनायेंगे।

## अधिकारियों ने विद्यार्थियों से साझा किए अपने जीवन के अनुभव



**उमरिया।** स्कूल चले हम अभियान के तहत दूसरे दिन स्कूलों में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के जिला भर के अधिकारियों ने स्कूलों का भ्रमण कर विद्यार्थियों से अपने जीवन के अनुभव साझा किए।



भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बांधवगढ़ तहसीलदार सतीश सोनी ने हाई स्कूल धमोखर, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता ने शासकीय उमावि लोढा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडे ने शासकीय उमावि मालाचुआ, प्राचार्य आईटीआई ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनवाही, खनिज विभाग के श्री आर्मो ने हायर सेकेंडरी स्कूल खलेसर, तहसीलदार मानपुर ने शासकीय उमावि गोवर्दे,सहायक श्रम पदाधिकारी ने माध्यमिक शाला चंदवार, सीएमओ उमरिया ने कन्या शिक्षा परिसर पाली, सहायक संचालक उद्यानिकी ने शासकीय हाई स्कूल धनवाही में अपने अनुभव साझा किए तथा छात्र छात्राओ से पढ़ाई के संबंध में रूबरू चर्चा भी की ।

## नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का वृहद आयोजन



**चचाई।** विद्युत नगरी चचाई के बाजार प्रांगण स्थित अमरकंटक वाटिका में नव दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 29 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है कथा व्यास पंडित राजेश महाराज द्वारा श्री राम कथा का श्रवण प्रतिदिन शाम 4:00 से आयोजित किया जा रहा है। 29 मार्च को बेदी पूजन कलश यात्रा के साथ भव्य संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन प्रारंभ है जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष आ रहे हैं इस भक्तिमय आयोजन के संयोजक श्री राम मित्र मंडली चचाई द्वारा किया जा रहा है दिनांक 7 अप्रैल को हवन पूजन पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारा जवारा विसर्जन के साथ आयोजन पूर्ण होगा।

# रामनगर पुलिस ने अवैध रेत परिवहन पर प्रकरण किया पंजीबद्ध

रामनगर

पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध रेत उत्खन्न करने वाले रेत माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उचाहरा टोला से झिरियाटोला तरफ़ एक ट्रेक्टर अवैध रेत खनिज ट्राली में लोड करके आने वाला है की सूचना पर मुखबिर द्वारा वताये स्थान पर गया तो एक लाल रंग का ट्रैक्टर महेन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर ट्राली में 03 घन मीटर अवैध रेत खनिज लोड़ करे हुये मेन रोड उचेहराटोला की ओर आते हुये दिखा जिसे रोककर स्वंय के मोबाईल से विडियोग्राफी किया ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूछंने पर अपना नाम सूरज कोल पिता नंदलाल कोल उम्र 30 वर्ष निवासी न्यू डोला थाना रामनगर का होना बताया तथा वाहन मालिक सोहन उर्फ खुद्दी प्रजापति निवासी झिरीयाटोला को होना बताया चालक को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर ट्रेक्टर ट्राली में लोड़ रेत की टी.पी. एवं वाहन स्वामी के संबंध में जानकारी चाही गई जो स्वयं से ट्रेक्टर ट्राली में रेत खनिज चोरी से परिवहन करते बताया। उक्त ट्रेक्टर नबंर mp 65 aa 2047 के वाहन चालक उपरोक्त एवं वाहन स्वामी को अवैध रेत खनिज चोरी कर उत्खन्न परिवहन में संलिप्त पाये जाने से चालक के कब्जे से उक्त ट्रेक्टर मय ट्रॉली में लोड़ अवैध रेत 03 घन मीटर खनिज सहित समक्ष उपरोक्त गवाहो के ट्रेक्टर किमती 10,000,00/- रूपये एवं रेत खनिज किमती 6000/- रूपये कुल कीमती 10,06,000/- रूपये का जप्त कर चालक एवं वाहन स्वामी के विरुध्दध अपराध क्र. 73/25 धारा 303(2), 317 (5), 3 (5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज व MV एक्ट की धारा 3/181, 5/180 का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सुमित कौशिक, प्र आर राहुल प्रजापति, अमित पटेल, आर मनोज उपाध्याय, अनुराग भार्गव का विशेष योगदान रहा।



### 3 जुआरियों के विरूद्ध भी प्रकरण दर्ज

थाना प्रभारी सुमित कौशिक को प्राप्त सूचना के आधार पर शिव प्रसाद केवट के दुकान के पास ग्राम हैरी में आरोपी रोशन केवट पिता मोहन केवट 24 साल, आयुष उपाध्याय पिता बिहारी लाल उपाध्याय उम्र 27 साल तथा कुशल केवट पिता दयाराम केवट 42 साल तीनों निवासी ग्राम हरी के फड़ तथा पास से कुल नगदी 700 रूपये तथा तास के 52 पत्ते जप्त किया गया व आरोपीगणो के विरूद्ध थाना रामनगर में अपराध क्र० 74/25 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई।

## आओ हम बचाएं जल, सुरक्षित करें अपना कल

हरद में श्रमदान कर की गई

साफ-सफाई




जमुना/बदरा। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर के तत्वाधान से विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम हरद में सार्वजनिक हैण्डपंप के पास परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान से साफ-सफाई कर खरपतवार, पॉलीथीन, कचरा का उचित निपटान किया गया। इस दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए कहा गया कि आज तुम जल बचाओ, कल वह तुम्हे बचायेगा। जल का संरक्षण भविष्य का संरक्षण है जल ही जीवन है तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों को बताया गया। इस दौरान परामर्शदाता शारदा चौरसिया, सीएमसीएलडीपी की छात्र शिवकुमारी देवांगन, कुन्ती सिंह, माया सिंह, ईश्वरी देवांगन, पारस मुखर्जी, गनेशिया एवं ग्रामीण जनों की सक्रिय सहभागिता रही

### बिजुरी पुलिस ने अवैध सटोरियों के विरुद्ध की कार्यवाही

## 3 आरोपियों से सट्टा पट्टी सहित नगदी जप्त

**बिजूरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध जुआ सट्टा खिलाने वालो के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एस. डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध सट्टा खिलाने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई कि कुछ लोग थाना क्षेत्र अंतर्गत सट्टा खिला रहे है जिसे जिसमें पकड़ नहीं है विशेष टीम बनायी जाकर सूचना पर कार्रवाई की गई। जो पुलिस टीम द्वारा लोहसरा, कोठी एवं परसापानी में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जो लोहसरा में पिताबंर साहु उर्फ राजा साहु उम्र 40 वर्ष निवासी लोहसरा, ग्राम कोठी में भूपत प्रजापति पिता खेमराज प्रजापति उम्र 36 वर्ष निवासी कोठी एवं परसापानी में संतोष कुजूर पिता मुन्ना कुजूर उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 परसापानी बिजुरी के मौके पर अवैध सट्टा काटते पाए गए जिनके पास से प्रथक प्रथक सट्टा पर्ची, सट्टा पर्ची लिखने की डाट पेन एवं कुल नगदी रकम 2410 रुपये बरामद हुआ। अतः उक्त आरोपीगणो के विरुद्ध थाना बिजुरी में धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपीगणो के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में निरी विकास सिंह, प्र.आर. सतीष मिश्रा, आर. विश्वजीत मिश्रा, लक्ष्मण डांगी, आनंद बैश, महिला आर.संगम तोमर चालक आर. करमजीत सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन



**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 थाना परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में नव दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। 3 अप्रैल गुरुवार से प्रारंभ होकर 11 अप्रैल तक चलने वाले रामकथा प्रवचन में कथा वाचक दीपक तिवारी महाराज वृंदावन द्वारा प्रवचन किया जाएगा। राम कथा को लेकर मंदिर समिति ने बताया कि प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा प्रारंभ हो जाएगी जिसमें 6 अप्रैल रामनवमी एवं 12 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव को विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने नगर के समस्त भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लिए जाने की अपील की है।

# शराब दुकान हटाये जाने को लेकर नगरवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

**कोतमा।** नगर के लोगो द्वारा हाल में ही मंत्री दिलीप जायसवाल सहित स्थानीय अधिकारियों से जनहित में शराब दुकान को हटाए जाने की मांग की गई थी। मंगलवार को वार्ड वासियों के द्वारा अनूपपुर जिला कलेक्टर कार्यालय एवं जिला आबकारी अधिकारी के समक्ष भी आवेदन देकर शराब दुकान हटाए जाने की मांग की गई। वार्ड वासियों का कहना है कि लगातार मांग किए जाने के बाद भी शराब दुकान न हटने से आए दिन यहां पर विवाद हंगामा होने के साथ असामाजिक तत्वों का जमघट लगता है जिनके द्वारा प्रतिदिन विवाद करते हुए मोहल्ले की शांति भंग की जाती है। शराब दुकान नहीं हटाई गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी वारदात भी हो सकती है। वार्ड वासी यशोदा गुप्ता ने बताया कि जब से शराब दुकान खुल गई है तब से सभी घरों में रहने वाले लोगों की नींद चैन हराम हो गई है। शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमघट शुरू होता है जो की आधी रात तक इनके आतंक को विवश होकर सहना पड़ता है। शराबियों के हुड़दंग के कारण छोटे बच्चों के मस्तिष्क पर गलत संस्कार जा रहा है। श्रीमती अंजलि त्रिपाठी ने बताया कि शराब दुकान के कारण एक दर्जन से ज्यादा अवैध रूप से मीट एवं मछली की दुकानें संचालित होने लगी हैं जहां पर खुलेआम बैठकर शराब पिलाया जाता हैं। शाम से लेकर अगले दिन सुबह तक मीट की दुर्गंध से हम लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है सुबह बस स्टैंड स्थित मंदिर जाने के रास्ते पर जगह-जगह मीट के टुकड़े पड़े रहते हैं। आस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है। बीच बाजार शराब दुकान संचालित होने से परेशान व्यापारी चंदन शर्मा का कहना है कि शराब दुकान के कारण घरों से महिलाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गाली गलौज एवं हो हल्ला के कारण आस पास के कई घरों की महिलाएं घर के अंदर कैद रहने को मजबूर है। हम सब बाजार जाने से डरने लगी हैं। वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राजेंद्र सोनी रज्जू का कहना है कि हमारे द्वारा लगातार नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर शराब दुकान अन्यत्र हटाने की मांग की जा रही है उसके बाद भी दुकान न हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। शराब दुकान हटाने को लेकर आए दिन वार्ड वासियों द्वारा हमसे शिकायत की जाती है। नगरहित में वार्ड से शराब दुकान हटना ही चाहिए।



# शिक्षक, विद्यार्थियों की रूचि को समझें एवं रूचि के अनुसार दें शिक्षा- राज्यमंत्री श्री जायसवाल

### प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का किया गया आयोजन

बुढ़ार






कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में आज प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के निर्माता होते हैं। विद्यार्थी पढ़ लिखकर आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। उन्होनें कहा कि छात्र-छात्राओं को अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थी लक्ष्य बनाएं एवं लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर,प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर एवं जिस दिशा में भी आगे बढ़ना चाहते हैं उसी दिशा में आगे बढ़ें एवं आगे बढ़ कर अपने गांव, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होनें कहा कि विद्यार्थी समय की महत्ता को जानें तथा अपने एक-एक मिनट का सदुपयोग कर अपने जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहें। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने महाविद्यालय के शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों की रूचि को समझें तथा उनकी रूचि अनुसार उन्हें अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा देकर आगे बढ़ने में मदद करें। उन्होने कहा कि हमारी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नये कार्य कर रही है। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस महाविद्यालय को एक्सीलेन्स कॉलेज का दर्जा प्राप्त हुआ है।

इस महाविद्यालय में एक्सीलेंस महाविद्यालय की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती भी दी गई। इस दौरान राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कालेज परिसर में बनी स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी,अध्यक्ष नगर पालिका धनपुरी श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा,अध्यक्ष नगर परिषद बुढ़ार श्रीमती शालिनी सरावगी, अध्यक्ष नगर परिषद बकहो श्रीमती मौसमी केवट,महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.गंगा मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मोटर सायकल चोरी का आरोपी 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार

**कोतमा।** भालूमाड़ा थाने मे फरियादी रामसूरत जायसवाल पिता भैय्यालाल जायसवाल 50 साल निवासी बीमाग्राम डबल स्टोरी ने 31 मार्च को थाना में शिकायत दर्ज करवाई कि 30 मार्च को दोपहर 13.30 बजे अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक MP-20 NJ-0637 हीरो एचएफ डिलक्स काले रंग मोटर साईकिल को अपनी दुकान के सामने खड़ी किया था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर मोटर सायकल एवं अज्ञात चोर की तलास की गई थाना प्रभारी संजय खलको द्वारा तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अन्दर चोरी गये मोटर सायक हीरो एचएफ डिलक्स काले रंग कीमती 40000 रुपये को आरोपी राजू उर्फ छोटू पिता मुन्ना सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी बनगवाँ फुनगा के कब्जे से हरद के जंगल में मोटर सायकल जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है।

### विभिन्न मांगों को लेकर के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**ब्यौहारी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद ताम्रकार द्वारा अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर के एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया जिसमें प्रमुख रूप से रेत की ओवरलोडिंग बंद की जाए, रेलवे तिराहा से मऊ तक वाहनों की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की जाए, रेलवे तिराहा से लेकर सिविल न्यायालय तक सीसीटीवी कैमरे लगवाए जायें , रेत ठेकेदारों द्वारा ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में वाहनों को तेज गति से चलते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए नगर परिषद के अंदर सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 के बाद ही लोडिंग अनलोडिंग कराया जाए सिविल न्यायालय के पास बस स्टॉप बनाया जाए 20 मार्च को तहसील के पास एक्सीडेंट हो जाने के बाद अधिवक्ता धरने पर बैठ गए थे उनके खिलाफ प्रशासन द्वारा मामला पंजीकृत किया गया उसको तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए यदि 15 दिवस के अंदर इन सब मुद्दों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन,आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

### भालूमाड़ा पुलिस ने अवैध रेत के विरुद्ध की कार्यवाही

**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना मिलने पर 2 अप्रैल को ग्राम सिकारपुर में आम बगीचा के पास रोड में घेराबंदी कर स्वाराज कम्पनी का ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर **MP** 65 **AA** 2785 को रोक कर चेक किया गया जो ट्रेक्टर ट्राली में जिसमें 3 घन मीटर रेत अवैध खनिज बिना रायल्टी टीपी के लोड कर परिवहन करते पाया गया जिससे ट्रेक्टर चालक रमेश कुमार केवट पिता सुदर्शन प्रसाद केवट उम्र 36 वर्ष निवासी दारसागर के कब्जे से उक्ट ट्रेक्टर ट्राली मय लोड 3 घन मीटर रेत (खनिज) जप्त कर थाना लाकर सुरक्षार्थ खडा किया गया एवं अपराध क्रमांक 150/2025 धारा 303(2) बीएनएस 4/24 खान खनिज अधियम का कायम कर विवेचना में लिया गया।

## कलेक्टर एवं सीईओ ने शासकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

### दो शिक्षकों को निलंबित करने के दिये निर्देश



**उमरिया ।** स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने करकेली जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण किया । उन्होने एक प्राचार्य एवं एक शिक्षक की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने, दो शिक्षकों को निलंबित करने तथा 29 शिक्षको की वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।





प्राथमिक शाला सस्तरा के निरीक्षण में पाया गया कि स्कूल में तीन शिक्षक पदस्थ है, जिसमें से एक शिक्षक मातृत्व अवकाश में थी। प्रधानाध्यापक करूणा शरणागत उपस्थित थी तथा अनीता टोप्पों अनुपस्थित पाई गई । शाला में बच्चों की उपस्थिति न्यून पाई गई। मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल , सब्जी बनाया गया था। कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति बढाने, घर-घर संपर्क करने तथा अनुपस्थित शिक्षक अनीता टोप्पों की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए । शासकीय उमावि पिनौरा के निरीक्षण में शाला में गंदगी पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की । स्कूल में पदस्थ 29 शिक्षकों द्वारा प्रवेश उत्सव संबंधी समस्त तैयारियां नही करने तथा बच्चों की उपस्थिति न्यून पाये जाने पर शाला की प्राचार्य लीला अग्रवाल की वेतन वृद्धि रोकने तथा सभी 29 शिक्षको की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओं नोटिस जारी करनें के निर्देश दिए। इसी तरह शाला में पदस्थ सात अतिथि शिक्षकों में से दो अतिथि शिक्षक नीलम द्विवेदी, विनय विश्वकर्मा अनुपस्थित पाये गये । कलेक्टर ने सभी शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढाने तथा घर घर संपर्क करने, उपस्थित पंजी तैयार करने तथा पुस्तको के वितरण के पश्चात पढ़ाई का कार्य प्रारंभ करनें के निर्देश दिए ।

शासकीय प्राथमिक शाला महुरा निरीक्षण के दौरान बंद पाई गई, उन्होंने वहां पदस्थ दो शिक्षकों को निलंबित करने के निर्देश दिए । शासकीय प्राथमिक शाला मसूरपानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर घर-घर संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गये। कक्षा 5 वीं की छात्रा मधु साहू से पुस्तक पढ़ाकर तथा 17 का पहाड़ा पढ़ाकर देखा गया। छात्र द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए ।

## सगरा तालाब पाली में किया गया श्रमदान



उमरिया

जल गंगा संवर्धन अभियान''अन्तर्गत जल संरचनाओं के पुर्नजीवीकरण/ संरक्षण अभियान अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 9 सगरा तालाब पाली के पास जन सहयोग से सफाई, स्वच्छता श्रमदान एवं कुंड की आस पास की सफाई का कार्य किया गया। अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह, स्वच्छता शाखा की सभापति प्रमिला जगवानी , दीपक दास, जितेंद्र जगवानी इंजी.विपिन कुमार विश्वकर्मा, स्वच्छता वार्ड प्रभारी विजय महतेल, मोनू जायसवाल,जन अभियान परिषद पाली के सदस्य कृष्णा विश्वकर्मा, पुष्पा टेकाम शशि साहू ,संजय साहू, पुष्पेंद सिंह, प्रमिला जगबनी,रीना कोल अर्चना उपाध्याय, कौशलेश सूर्यवंशी, अजय चौधरी ,रजनी सिंह पत्रकार, प्रवीण तिवारी, उषा प्रजापति एवं समस्त नगर के नागरिक बन्धु की उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि ऐसे अभियानों के माध्यम से हम जल संरचनाओं को स्वच्छ कर परिवर्तन संरक्षण में अहम भागीदारी दे सकते हैं। यदि आज हम सब मिलकर पर्यावरण को बचाने की कोशिश नहीं करेंगें तो, भविष्य में हमारे लिए बहुत मुश्किलें आयेंगी।पृथ्वी एक ही है और हम सब की है, इसीलिए इसके संरक्षण का दायित्व हम सब का है। जिसमें जल संरक्षण के साथ-साथ तालाब और उद्यान के आस पास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने का कार्य किया गया।

## सौरभ को जमानत मिलने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



उमरिया।

प्रदेश के बहुचर्चित परिवहन घोटाले के सरगना सौरभ शर्मा को कोर्ट से जमानत मिलने के बाद प्रदेश मे राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। इस मुद्दे पर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को गांधी चौक उमरिया में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस आरोपी के कब्जे से 52 किलो सोना और करोड़ो की नगदी बरामद हुई, उसे आसानी से जमानत मिलना, हैरानी की बात है। कांग्रेस का कहना है कि कोर्ट में शासन की ओर से समुचित पक्ष नहीं रखा गया, ना किसी ने इसका विरोध ही नहीं किया। इस घटनाक्रम से सरकार की महाघोटाले व उसके आरोपियों एवं सहयोगियों को बचाने मे संलिप्तता उजागर हो गई है। कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, अमृतलाल यादव, त्रिभुवन प्रताप सिंह, प्रवक्ता अशोक गौंटिया, ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव, सेवादल अध्यक्ष संतोष सिंह, रघुनाथ सोनी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह अब्बू, एरास खान, आशीष तिवारी, पार्षद संजय पांडे, नासिर अंसारी, संदीप यादव, हर्ष सिंह, मनीष शर्मा, किशोर सिंह, सोमचंद वर्मा प्रहलाद निरंजन प्रताप सिंह,अयाज खान, उमेश कोल, लक्ष्मी गुप्ता, बंशरूप शर्मा, इन्द्र कुमारसहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### विधायक, कलेक्टर एवं सीईओ ने विद्यार्थियों से की भेंट

## उपहार में दिए टिफिन, पानी की बोतल, कापी पेन तथा चाकलेट

उमरिया

स्कूल चले हम अभियान के तहत दूसरे दिन स्कूलों में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह , सीईओ जनपद पंचायत हरनीत कौर कलसी ने शासकीय हाई स्कूल पठारी में विद्यार्थियों से भेंट की। उपहार में टिफिन, पानी की बोतल , कापी पेन तथा चाकलेट भेंट किए ।









बच्चों से भेंट कार्यक्रम के दौरान विधायक बांधवगढ ने कहा कि आप सब देश के निर्माता है। अपने अभिभावकों तथा शिक्षकों से ज्ञान प्राप्त करें तथा अपने जीवन को सफल बनाये जिससे समाज तथा देश के विकास में सहभागी बन सके । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कक्षा 5 वीं के छात्र ज्ञानशु सिंह राठौर से उनके परीक्षा परिणाम की जानकारी ली । उन्होंने बताया कि उनका 80 प्रतिशत रिजल्ट आया है तथा वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है । इसी तरह कक्षा 5वीं की छात्रा श्रुती पांडेय तथा कक्षा 3 की छात्रा प्रांजल रहंगडाले से बात की जिन्होने शिक्षक एवं पुलिस बनने की इच्छा व्यक्त की । इस अवसर पर उन्हो ने अनुभव सुनाते हुए कहा कि अपना भविष्य का लक्ष्य तय करके उसी के अनुरूप अभी से आप सबको पढना होगा । डाक्टर बनने के लिए बायोलाजी के विषय, इंजीनियर बनने के लिए गणित विषय तथा सामान्य ज्ञान की तैयारी करनी होगी। आप सब लोग नियमित रूप से स्कूषल आए। घर तथा स्कूल मे मन लगाकर पढाई करे। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि दुनिया में कोई भी उपलब्धि असंभव नही है । जरूरत होती है दृढ़ इच्छा शक्ति तथा मेहनत की। सभी विद्यार्थी ध्यान लगाकर पढे । आप सब लक्ष्य को प्राप्त करेंगे । इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रामसुख चौधरी, शिक्षक भूपेन्द्र रहंगडाले सहित अन्य शिक्षक, सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम, सहायक यंत्री ऋषभ शुक्ला, उपयंत्री राजेश त्रिपाठी , जनपद सदस्य श्री कोल , उपसरपंच श्रीमती शांति कोल , पंच निहारिका पांडेय , मुकेश सिंह , पंचायत सचिव , पटवारी सहित बडी संख्या में ग्रामीण जनों ने भाग लिया ।

## अमरकंटक के विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम हुआ आयोजित



**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित विभिन्न विद्यालयों में आज नवीन शिक्षा सत्र 25- 26 शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव गरिमामय वातावरण एवं उल्लास पूर्ण ढंग से मनाया गया इसके पूर्व सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना दादर अमरकंटक में विधिवत धार्मिक विधि विधान के साथ पूजन अर्चन तथा हवन किया गया तत्पश्चात नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रसाद खिलाकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। विद्यालय में कक्षा 5 से उत्तीर्ण 38 छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं में प्रवेशित किया गया आज के प्रवेश उत्सव में 30 छात्रा छात्राएं उपस्थिति रही इसमें गौरव बघेल दशमी अंकुश चौधरी दसवीं तथा पृथ्वीराज प्रवेश उत्सव में उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु विद्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बीके शर्मा आचार्य रोहित लाल त्रिपाठी लखन द्विवेदी शिवप्रसाद त्रिपाठी भारत लाल चंद्रवंशी आदि सभी ने उपस्थित रहकर छात्र छात्रों को प्रवेश दिलाया। बराती एवं हिंडालको शासकीय माध्यमिक विद्यालय में रश्मि शर्मा एवं शिक्षक सत्य कुमार पाठक बाबा ने नव प्रवेशित नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर हाथ मिलाकर गले लगा कर तथा चुंबन लेकर छात्राओं को प्रवेश उत्सव मनाया इससे छात्र-छात्राएं काफी खुश एवं प्रसन्न रहे पूरे समय नव प्रवेशित नन्हे मुन्ने बच्चे काफी खुश एवं प्रसन्न रहे उन्हें घर जैसा माहौल मिला। इसी तरह स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में भी विद्यालय की प्राचार्या अनुजा मिश्रा ने अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ नव प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक टीका लगाकर विद्यालय में स्वागत बंदन अभिनंदन कर नये शिक्षा सत्र मे प्रवेश दिलाया इस दौरान सभी छात्र-छात्राएं काफी प्रसन्न चित दिखे। प्रवेश उत्सव के दौरान छात्रा छात्राओं को नये शिक्षा सत्शालांपप पुस्तक वितरित किया गया। प्रवेश उत्सव शाला में पहला कदम के रूप में आयोजित हुआ पवित्र नगरी अमरकंटक नगर के मध्य स्थित बालक एवं बालिका विद्यालय में भी प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया इस अवसर पर काफी खुशनुमा माहौल रहा प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम लगातार चार दिनों तक निरंतर चलता रहेगा। शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांधा एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय जमुना दादर में भी प्रवेश उत्सव आयोजित हुआ।

## पहले ही दिन लेट पहुंचे शिक्षक

ब्यौहारी



जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाना था इसी क्रम में स्कूल में सरपंच प्रतिनिधि राम लखन गुप्ता की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया सत्र के प्रारंभ के पहले दिन जहां सभी शिक्षकों को समय पर आना चाहिए उसमें दो शिक्षक लेट पहुंची सोनू शुक्ला, अनुराधा सिंह, अन्य शिछक राजकुमारी कुशवाहा के घर में धार्मिक आयोजन के वजह से स्कूल नहीं पहुंची स्थानीय समाजसेवी विनोद कुशवाहा ने बताया कि कई शिक्षक हमेशा लेट आते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती बच्चों से पूछताछ में बच्चे मुख्यमंत्री का नाम तक नहीं बना सके वही गणित की पूछताछ में जोड़ एवं घटना के आसान से सवाल का जवाब नहीं दे पाए बच्चों का शैक्षणिक स्तर नगण्य है विद्यालय के विज्ञान के शिक्षक दामोदर प्रसाद मिश्रा बीआरसी में अटैच, है एवं दूसरे शिक्षक जितेंद्र सिंह परिहार टिकुरी टोला में पदस्थ उससे भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर से लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है । ईस संबंध में जन शिछक उमेश द्विवेदी ने कहा की लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने किया जन भावनाओं का आदर

# शराब दुकान स्थानांतरण पर रोक, नए स्थान पर दुकान संचालित न करने कलेक्टर ने जारी किया आदेश

अनूपपुर

जिले के चचाई थाना अंतर्गत नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड नंबर 4 में अनूपपुर बुढार मुख्य मार्ग पर शराब ठेकेदार के द्वारा नए स्थान पर दुकान खोले जाने का स्थानीय जनों के द्वारा खुलकर विरोध किया गया, इस मामले में स्थानीय दर्जनों महिलाओं के साथ नगर परिषद के भाजपा कांग्रेस सहित निर्दलीय सभी पार्षदों ने एक मत होकर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ मिलकर परिषद में प्रस्ताव पारित करते हुए जन भावनाओं से कलेक्टर हर्षल पंचोली को अवगत कराया, इसके बाद कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नए स्थान पर दुकान संचालित न करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस संदर्भ में मंगलवार की देर शाम परिषद के समस्त पार्षद अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता और उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी पार्षद पवन चीनी तथा भाजपा नेता रामनारायण उरमालिया कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व पार्षद वेदक पटेल, वार्ड नंबर 5 के पार्षद दीपक कोल,वार्ड नंबर 4 की महिला पार्षद श्रीमती रंजना सोनी तथा नेता प्रतिपक्ष व पार्षद श्रीमती अर्चना यादव वार्ड नंबर 6 की पार्षद श्रीमती सुंदर बाईं विश्वकर्मा तथा शालू विश्वकर्मा और अन्य दर्जनों नागरिकों और महिलाओं ने कलेक्टर से मुलाकात की थी, जिसके बाद कलेक्टर ने दुकान स्थानांतरण न करने के आदेश जारी कर दिए।

### कलेक्टर का जन प्रतिनिधियों ने जताया आभार

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जन भावनाओ एवं स्थानीय



महिला शक्ति के द्वारा सुनी गई बातों के बाद जनभावनाओं का आदर करते हुए मीडिया को दिए गए बयान में बताया कि दुकान पूर्व के स्थान पर यथावत रहेगी, यदि ठेकेदार कलेक्टर के आदेश तथा आबकारी विभाग के आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त करने की कार्यवाही से भी परहेज नहीं की जाएगी, कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि जन भावनाओं का आदर किया जाएगा और इस बात का भी ख्याल रखा जाएगा की अनावश्यक रूप से ठेकेदार किसी को ना तो परेशान करें और उसे भी कोई परेशानी ना हो, शांति और सद्भाव सभी का आपस में बना रहे। नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी तथा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व पार्षद वैदक पटेल, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अर्चना यादव के साथ ही महिला पार्षद श्रीमती सुंदर बाई विश्वकर्मा, श्रीमती



अर्चना यादव,पवन चीनी, भाजपा नेता रामनारायण उर्मालिया , अभिषेक गुप्ता, शालू विश्वकर्मा तथा अन्य दर्जनों महिलाओं और स्थानीय जनों ने कलेक्टर हर्षल पंचोली का आभार व्यक्त किया है।

### सांसद, मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष का आभार

नगर परिषद बरगवां अमलाई में शराब दुकान को करीब चार दशकों वाले पुराने स्थान से हटाकर मुख्य मार्ग मिलने से काफी विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी थी, यहां बीते दिनों ही स्थानीय जनों ने क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के साथ ही कोतमा विधायक और मध्य प्रदेश सरकार में के मंत्री दिलीप जायसवाल तथा भाजपा के पूर्व विधायक व अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल के अलावा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम को भी लिखित रूप से मामले को अवगत कराया था, मंगलवार को कलेक्टर ने इस संदर्भ में बातें साझा करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता और जनहित को देखते हुए जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी प्रमुख के द्वारा भी स्थिति से अवगत कराया गया था, पहले से ही इस संदर्भ में आबकारी विभाग को आदेश जारी किए जा चुके हैं, नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पार्षदों ने क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह तथा मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल व भाजपा नेता हीरा सिंह श्याम, पूर्व विधायक रामलाल रौतेल का भी जन भावनाओं का आदर करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### दुकान नहीं हटी तो जप्त होगा माल

शराब मंगलवार की शाम कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कहा कि इस संदर्भ में शराब ठेकेदार वीरेंद्र राय को आदेश दिए जा चुके हैं, आबकारी विभाग इस संदर्भ में अग्रिम कार्यवाही के लिए तैयार है, यदि ठेकेदार आबकारी विभाग के निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो नए स्थान पर शराब रखने और संग्रहण करने को अवैध माना जाएगा और शराब की जब्ती भी की जा सकती है,उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही से भी परहेज नहीं की जाएगी।

## नगर के नामचीन सटोरिये प्रतिदिन काट रहे लाखों रुपए की चांदी



वर्दी को छोड़कर सबको खबर, पुलिस अभी भी बेखबर

**कोतमा।** वर्तमान में चल रहे आईपीएल सट्टे में नगर के सटोरियों द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपए कमा रहे हैं वही दूसरी ओर खेलने वाले बरबाद हो रहे हैं। युवाओं को कम समय में ज्यादा रुपए कमाने का झांसा देकर नगर के नामचीन सटोरियों द्वारा आईपीएल सट्टे की आड़ में प्रतिदिन लाखों रुपए की चांदी काट रहे हैं। नगर के व्यापारी एवं युवा वर्ग सट्टे के मकडजाल में फंसकर मौत की आगोश में समा रहे हैं। संचालित हो रहे आईपीएल में सटोरियों द्वारा हर रन, हर बाल, हर विकेट व हर ओवर के अलावा मैच की जीत हार पर लाखों रुपए सट्टे की बुकिंग कर रहे है। जिसमें एक ओर जहां सट्टा खिलाने वाले तो मालामाल हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर खेलने वाले व्यापारियों के पुत्र एवं युवा वर्ग बर्बादी की गर्त में समा रहे हैं।

कोतमा नगर के अलावा बदरा,बनिया टोला, स्टेशन चौक, इसलामगंज, मुर्गी बाज़ार, बस स्टैंड, रेस्ट हाऊस रोड, लहसुई कैंप में सटोरियों की सक्रियता शाम होते ही बढ़ जाती है। इस बार सटोरियों के द्वारा गिरोह बनाकर सिंडिकेट के रूप में कारोबार चलाया जा रहा है। इस बार मुख्यालय बदरा मे बनाया गया है, वही सूचना मिलने पर ठीहा भी बदल जाता है जो कोतमा, अनूपपुर में प्रतिदिन घूम-घूम कर सट्टे की बुकिंग की जा रही है। क्षेत्र के कथित युवा वर्तमान में सिंडिकेट बना सट्टे के कारोबार का पूरा कंट्रोल अपने हाथ में लिए हैं जो की 10% कमीशन पर अपने गुर्गों को नगर के प्रत्येक वार्डों में तैनात कर सुबह शाम सौदा करते है। जिनकी ड्यूटी घूम घूम कर मैच के सौदे बुक करना रहता है और मैच समाप्त होने के बाद रात में ही एवं अगले दिन सुबह लेनदेन करते नज़र आते है। नगर के सैकड़ो व्यापारियों के पुत्रों को सटोरियों द्वारा सट्टे के जाल में फसाते हुए उनको बरबाद करने पर आमादा है। आईपीएल के सट्टे में फस कर व्यापारियों के पुत्र कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। आईपीएल सट्टेबाजी नगर में बेखौफ होकर प्रत्येक वार्डो में संचालित है। इस बार सटोरियों द्वारा पैंतरा बदलते हुए मोबाइल मे ही ऐप डाउनलोड करवाया जा रहा है और कोतमा नगर के कई बैंको में फर्जी तरीके से खाता संचालित करवाया जा रहा है लेकिन अभी तक पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। परिणाम स्वरुप सट्टेबाज खुलेआम अपनी सेटिंग होने का दावा करते नजर आ रहे हैं। नगर में इस बार नए सटोरिया भी मैदान में उतरे हुए हैं बताया जा रहा है कि सटोरियों द्वारा अपने गुर्गों के माध्यम से प्रतिदिन नई-नई सिमो का उपयोग कर मैच शुरू होने के पहले खेलने वालों के पास नया नंबर दे दिया जाता है जिससे कि नंबर की पकड़ ना हो सके। नगर के सटोरियों का एक सिंडिकेट बाकायदा कोतमा छोड़कर पड़ोस के छत्तीसगढ़ राज्य में अपना कारोबार जमा कर हर मैच में सट्टे की खाईबाजी कर रहे हैं। पूर्व में छत्तीसगढ़ की क्राइम ब्रांच द्वारा नगर के कई सटोरियों को पकड़ने में सफलता भी पाई थीं और गिरफ्तार करके ले गई थी।

### वर्दी को छोड़कर सबको खबर

नगर के हर गली चौराहों सहित चाय, पान एवं होटल में दिनभर आईपीएल सटोरियों एवं हार जीत को लेकर चर्चा होती रहती है उसके बावजूद पुलिस को कोई खबर ना होना अपने आप में बड़ा सवाल छोड़ देता है। लोगो का कहना है कि वर्दी को छोड़कर आईपीएल सटोरियों के बारे में सबको खबर है नगर के चौक चौराहा से लेकर हर दूसरे व्यक्ति को कुख्यात सटोरियों के बारे में बखूबी मालूम है लेकिन पुलिस इससे बेखबर नज़र आ रही है। उल्लेखनीय है कि सट्टा कारोबार के जाल में फंसकर नगर के दर्जनों युवा बर्बाद हो चुके हैं तो अनेक युवा अपने घर के जेवरात तक दांव पर लगा चुके हैं वहीं लाखों रुपए के कर्ज तले जी रहे हैं। दो सप्ताह लगभग बीतने जा रहा है उसके बाद भी अभी तक किसी भी छोटे-बड़े सटोरियों पर कार्यवाही ना होना पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है । वही ठीक इसके विपरीत नगर मे प्रबुद्ध नागरिको ने एडीजी एवं पुलिस अधीक्षक से नगर में फैले अवैध सट्टे पर कार्यवाही की मांग की है।

## भाजपा जिला कार्यालय अनूपपुर मे आज होगी बैठक



**अनूपपुर।** भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर 3 अप्रैल को भाजपा कि बैठक अनूपपुर जिला कार्यालय मे होना सुनिश्चित किया गया है। बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक कार्यक्रम जिला प्रभारी मिथिलेश पयासी के एवं अनूपपुर भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया जाएगा। अपेक्षित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बैठक मे सांसद, विधायक, मंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, सभी मण्डल प्रभारी, मोर्चों के जिला अध्यक्ष व महामंत्री मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला आई टी एवं शोसल मीडिया प्रभारी, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर पालिका नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

बाल अधिकार संरक्षण की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाई आपत्तिजनक चीजें

# मांस-मछलियों से भरा मिला सेंट जोसेफ स्कूल के छात्रावास का फ्रीज

### शिक्षा के पवित्र मंदिर में अवैध गतिविधि

**अनूपपुर।** जिले के बिजुरी के संत जोसेफ स्कूल में मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने शनिवार को मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण सदस्य ओंकार सिंह के नेतृत्व अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में संचालित आवासीय छात्रावास के किचन के फ्रिज में मीट के साथ अन्य आपत्तिजनक चीज पाई। सोशल मीडिया में स्कूल के किचन में पाए गए पॉलिथीन बैग में रखे हुए मांस के टुकड़ों को लेकर स्कूल का काफी विरोध किया जा रहा है। क्योंकि स्कूल में संचालित छात्रावास में लगभग सभी धर्म के लोग पढ़ाई करते हैं और खाना छात्रावास के एक ही किचन में बनता है वही सामग्री भी एक ही फ्रिज में रखी जाती है जिससे फ्रिज में रखे हुए मांस के टुकड़ों के कारण क्रिश्चियन के साथ-साथ अन्य धर्म के लोगों को भी उस फ्रिज से खाने की सामग्री दी जाती है जो आपत्तिजनक हैं, जिसको लेकर सोशल मीडिया में काफी विरोध किया जा रहा है। जिसके बाद अब स्कूल के सीबीएसई संबंध पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### आवासीय परिसर की नहीं अनुमति

शनिवार को जब टीम संत जोसेफ स्कूल पहुंची तो दस्तावेज के जांच के दौरान विद्यालय संचालक संबंधित ढेर सारी अनियमितताएं सामने आई। मध्य प्रदेश बाल





अधिकार संरक्षण सदस्य ओंकार सिंह ने मीडिया को बयान जारी करते हुए बताया कि अनूपपुर जिले के बिजुरी में संचालित संत जोसेफ आवासीय स्कूल के पास आवासीय स्कूल संचालन करने की अनुमति नहीं है, इसके साथ ही विद्यालय गोफ एरिया में बनाया गया है, वही ओंकार सिंह ने बताया कि स्कूल के पास संचालित स्कूल के जमीन में ना तो डायवर्सन है और न ही स्कूल की भूमि संबंधित कागज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि संत जोसेफ स्कूल शासकीय भूमि में निर्माण किया गया है जिस पर सरकार को रिपोर्ट सौंप कार्यवाही की जाएगी।

### फ्रिज में मिले मांस के टुकड़े

निरीक्षण के कार्यवाही के तीन दिन बाद जब सोशल मीडिया में स्कूल के निरीक्षण के दौरान छात्रावास के फ्रिज और फ्रीजर में रखे हुए मांस के टुकड़ों का वीडियो सामने आया तो सोशल मीडिया में संत जोसेफ स्कूल बिजुरी का जमकर विरोध हुआ। आवासीय परिसर में अवैध तरीके से फ्रिज में रखा मांस लोगों की धार्मिक आस्था और उनके धार्मिक क्रियाकलापों को ठेस पहुंचा रहा है जिससे सोशल मीडिया में लोग काफी विरोध कर रहे हैं देखना यह है कि अब प्रशासन किस तरह की कार्यवाही संत जोसेफ स्कूल बिजुरी को ऊपर करता है। आवासीय परिसर में मांस से दूर रहने वाले ब्राह्मण, जैन सहित दर्जनों हिंदू संप्रदाय के छात्र और छात्राएं रहकर पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं लेकिन सभी छात्र-छात्राओं का भोजन छात्रावास में एक ही जगह बनाया जाता है वहीं सामग्री एक ही फ्रिज में रखी जाती है इसी फ्रिज में अन्य सामग्री रखी जाती है इस फ्रिज में मांस के टुकड़े मिले हैं जिससे छात्र-छात्राओं के धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचा है वहीं नवरात्रि का समय है और उक्त क्रियाकलाप सामने आने के बाद अब संत जोसेफ स्कूल बिजुरी का जमकर विरोध हो रहा है।

### इनका कहना है

बिजुरी के संत जोसेफ स्कूल में हमने निरीक्षण किया था जहां के छात्रावास में मांस के टुकड़े फ्रिज में पाए गए हैं। टीम न होने के कारण उसकी जप्ती नहीं की गई, आवासीय परिसर की कोई अनुमति स्कूल के पास नहीं है वहीं शासकीय भूमि में स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

**ओंकार सिंह, सदस्य**
मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग

गाँव-देहात में नेटवर्क संकट!

# बीएसएनएल सेवा बहाल करने और प्राइवेट कंपनियों की लूट पर लगाम लगाने की माँग

**अनूपपुर।** गाँव-कस्बों में मोबाइल नेटवर्क और टैरिफ की बढ़ती मार से परेशान लोगों की आवाज़ बुलंद करते हुए समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने बीएसएनएल की जर्जर सेवाओं को सुधारने और जियो, आइडिया, एयरटेल जैसी निजी कंपनियों द्वारा बेवजह बढ़ाए गए टैरिफ की उच्च स्तरीय जाँच की माँग की है।

### बीएसएनएल के हालात और गाँवों की परेशानी

पत्र में जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत के 80% लोग गाँवों में बसते हैं, लेकिन अफ़सोस की बात है कि बीएसएनएल



जैसी सरकारी टेलीकॉम सेवा ग्रामीण इलाकों में बदहाली की हालत में पड़ी है। उन्होंने संचार मंत्री से निवेदन किया कि बीएसएनएल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि गाँवों तक इसकी सुविधा सही तरीके से पहुँचे और लोग सुचारू रूप से इसका उपयोग कर सकें।

### जियो, आइडिया, एयरटेल की मनमानी पर सवाल

श्री सिंह ने अपने पत्र में जियो, आइडिया और एयरटेल की नीति पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि पहले तो ये कंपनियाँ मुफ्त सेवा देकर ग्राहकों को अपनी तरफ़ खींच लेती हैं और जब लोगों की आदत लग जाती है, तो धीरे-धीरे टैरिफ बढ़ाकर उपभोक्ताओं से मनमाना पैसा वसूला जाता है। उन्होंने इन कंपनियों की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कि ये अपना एकाधिकार जमाकर बीएसएनएल को कमजोर कर रही हैं।

### गाँवों में नेटवर्क फेल, त्योहारों की बधाई तक नहीं भेज पाए लोग

जिले के जैतहरी नगर परिषद और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह ठप हो चुका है। इसका सबसे बड़ा असर यह हुआ कि चैत्र नवरात्रि और नव संवत्सर जैसे पावन अवसरों पर लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएँ तक नहीं भेज पाए। गाँवों के लोग इस दुर्दशा से परेशान हैं और सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि बीएसएनएल की सेवा को दोबारा मजबूत किया जाए।

### टैरिफ लूट की जाँच की माँग

जितेंद्र सिंह ने माँग की है कि सरकार जियो, आइडिया और एयरटेल जैसी कंपनियों के टैरिफ में की गई बेतहाशा वृद्धि की निष्पक्ष जाँच कराए। उन्होंने कहा कि पहले मुफ्त सेवा का लालच देकर ग्राहकों को फँसाना और बाद में मोटा पैसा वसूलना गलत है। उन्होंने सरकार से निवेदन किया कि बीएसएनएल की टैरिफ दरें न्यूनतम रखी जाएँ ताकि गाँवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों को राहत मिल सके।

### सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील

उन्होंने केंद्रीय संचार मंत्री से अनुरोध किया कि बीएसएनएल को फिर से मजबूत किया जाए और निजी कंपनियों की मनमानी पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल अनूपपुर या मध्यप्रदेश का मसला नहीं, बल्कि पूरे देश के गाँव-देहात में लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। अगर सरकार बीएसएनएल को फिर से खड़ा कर देती है, तो मोबाइल सेवा में संतुलन आएगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

## शिवालय घाट नर्मदा जी से निकाली गयी दस बोरा पन्नी



**राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ के खेतगांव के समीप से बह रही नर्मदा जी के आध्यात्मिक- धार्मिक महत्व के शिवालय घाट से 2 अप्रैल को स्वच्छता श्रमदान करके धेनु सेवा संस्थान, शहडोल के लोगों ने लगभग दस बोरा से अधिक पालिथीन और कचरा बाहर निकाला।धेनू सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने नवरात्रि के सभी नौ दिन स्वच्छता श्रमदान करने का सराहनीय संकल्प लिया है। बुधवार को यह दल पुष्पराजगढ विकासखंड अन्तर्गत खेतगांव पहुंचा। यहां अपने सेवा अभियान को आगे बढ़ाते हुए नर्मदा जी के शिवालय घाट पर सफाई की । घाट और नर्मदा,जी के अन्दर फैले प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा कर बैग में भरकर निपटान के लिए शहडोल ले जाया गया । लगभग पांच घंटे तक जमकर पसीना बहाते कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण के साथ श्रमदान मे हिस्सा लिया। यह कल के चंदनघाट हेतु तय कार्यक्रम से आंशिक परिवर्तित कार्यक्रम हुआ।इसके साथ ही घाट पर लोगों से नदी और घाट पर सफाई रखने, प्लास्टिक, साबुन, केमिकल आदि का उपयोग नहीं करने का निवेदन किया गया। घाट पर रह रहे साधू संतो से भी आग्रह किया गया कि वह भी श्रद्धालुओं और यहाँ आने वाले लोगों को सफाई रखने के लिये समझाइश दें। उल्लेखनीय है कि शिवालय घाट मे नर्मदा जी मे प्राकृतिक रुप से निर्मित शिवलिंग और बहुत सी जलहरी हैं। यहाँ बडी संख्या मे श्रद्धालु गण दीपदान करने और नर्मदा पूजन - दर्शन हेतु आते हैं।

## पुस्तकें ऐसा उपहार हैं जिन्हें आप बार बार खोल सकते हैं- प्राचार्य



**अनूपपुर।** केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में आयोजित हुआ पुस्तकोपहार कार्यक्रम केन्द्रीय विद्यालय संगठन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना पुस्तकोपहार का केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में विद्यार्थियों द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ आयोजन किया गया। प्रातः कालीन बेला में प्रार्थना सभा के दौरान प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में विद्यार्थियों द्वारा अपनी पिछली कक्षा की पुस्तकों का सेट बनाकर प्राचार्य महोदय को भेंट किया गया। प्राचार्य ने उन पुस्तकों को पुस्तकालयाध्यक्ष श्री सचिन पवार को सौंप कर उन्हें छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों को भेंट करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात प्राचार्य ने पुस्तकोपहार के महत्व को समझाते हुए अपना उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने कहा कि पुस्तकोपहार कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर विद्यार्थी न सिर्फ अपने छोटे भाई बहनों के सम्मान के उच्च अधिकारी बन रहे हैं बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा हेतु एक उत्तम योगदान भी कर रहे हैं क्योंकि पुस्तकें कागज पर छपती हैं और कागज बनाने के लिए वृक्षों को काटा जाता है जो कि हमारे जीवन आधार हैं। पुस्तकें दान करना पुनः उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देता है। पुस्तकों पर धूल जमने देने या उनका निपटान करने के बजाय, दान इन संसाधनों के जीवन चक्र को बढ़ाता है और जिम्मेदार उपभोग की संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तक एक ऐसा उपहार है जिसे आप बार-बार खोल सकते हैं। प्राचार्य ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन की इस अति महत्वाकांक्षी योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस नवाचार की सम्पूर्ण शिक्षा जगत में प्रशंसा होती है क्योंकि इसके जरिये इस घनघोर उपभोक्तावादी दौर में जब की सभी चीज़ों को इस्तेमाल करो और फेंकों की नीति में जीवन जिया जा रहा हैं वहीं केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थिओं द्वारा न सिर्फ पुनः उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दिया जा रहा है बल्कि दान जैसे उच्च मानवीय मूल्य की भी स्थापना की जा रही है। उन्होंने विद्यार्थिओं से इस उत्तम कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए तारीफ़ करते हुए आगे भी इसी तरह सजग रूप से इस प्रकार के अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने का भी आह्वान किया ।

In The Court Of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Anuppur
Presiding Officer: श्रीमती चैनवती ताराम
(MJC SUC/0000006/2024)
पुसुउआ कोरी Vs शासन डाकपाल वगै.
Process Id-29 /2025
पेशी दिनांक :- 23/04/2025
प्रेषिती- (1) अन्य, पता
यह कि प्रार्थी पुसुउआ कोरी ने आपके विरूद्ध पेपर प्रकाशन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 01 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
(मुद्रा)
न्यायाधीश श्रीमती चैनवती ताराम
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# अनुपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइनः यात्री सुविधाओं की नई दिशा

## अनूपपुर-कटनी खंड के 165.52 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य हुआ पूर्ण

**अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य में रेलवे नेटवर्क को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनुपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन परियोजना (165.52 किमी) का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह परियोजना यात्री सुविधा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग



द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन का कार्य क्षमता आवर्धन के दृष्टिगत किया गया था। 31 मार्च को कमीशन की गई इस परियोजना के अंतिम खंड, बीरसिंहपुर-नौरोजाबाद-करकेली-उमरिया (29.52 किमी) की सीआरएस निरीक्षण प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। वर्तमान में अब इस सेक्शन मे पेंड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन है।

### परियोजना के लाभ

नई रेल लाइन से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे विभिन्न शहरों और कस्बों के बीच यात्रा करना अधिक सुगम होगा। ट्रेनों की संख्या में वृद्धि से भीड़भाड़ कम होगी और यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने इस परियोजना के पूर्ण होने पर निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मियों को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस परियोजना को रेलवे के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और भविष्य में भी इसी तरह की उत्कृष्ट कार्यशैली बनाए रखने का आह्वान किया। अनुपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन परियोजना यात्री सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है। ट्रेनों की गतिशीलता में वृद्धि, तेज़ और संरक्षित यात्रा, तथा पर्यटन को मिलने वाले प्रोत्साहन से यह परियोजना न केवल रेलवे नेटवर्क बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगी ।